जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

आज दिनांक 04.09.18 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय के प्राथमिक विभाग कक्षा तीसरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी समारोह धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम कक्षा चौथी 'ई' के विद्यार्थियों द्वारा जन्माष्टमी पर्व के लिए प्रार्थना सभा के अंतर्गत श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। इसके माध्यम से उन्होंने श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया।

तदोपरान्त विद्यालय के उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज ,कोर्डिनेटर सिस्टर निकिता एवं ज्योति नायर ने दीप प्रज्जवलन कर शिक्षक दिवस समारोह को प्रारंभ किया।

समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों की महानता उनके विद्यार्थियों के लिए अथक परिश्रम एवं आभार स्वरूप मधुर शब्द कहे। साथ ही लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षकों का विद्यार्थियों पर उनकी अमिट छाप छोड़ने वाली प्रस्तुति दी। इसी तारतम्य में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को अपने प्रभावी नृत्य से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय   के उप प्राचार्य ब्रदर मिंज ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही कोर्डिनेटर सिस्टर निकिता ने समस्त विद्यार्थियों की प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे शिक्षकों के अथक परिश्रम को समझें तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करें।